# बिहार विधान परिषद

(202वां शीतकालीन सत्र)

## 15 दिसंबर 2022

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**कुल प्रश्न 30**

----

### काको थाना में दो कांडों पर कार्रवाई

***36 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत दिनांकः- 19.10.2022 को ग्राम डेढ़रसईया, प्रखंड काको, थाना-काको, ओ.पी. भेलवार में श्रीमती सोनम कुमारी, पति-गोवर्धन राम की मृत्यु हो गई, इस घटना के लिए श्री गोवर्धन राम को दिनांकः- 20.10.2022 को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस तत्परता का कारण समझ से परे है;

(ख) क्या यह सही है कि इसी ओ.पी. के अंतर्गत दिनांकः- 23.10.2022 को सूरज, पिता- सुरेंद्र राम को गोली मार दी गई और अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है, इस कांड पर पुलिस की शिथिलता का क्या कारण है, यह अभी समझ से परे है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काको थाना के भेलावर ओ.पी. के उक्त दोनों कांडों में दो तरह की कार्रवाई का क्या कारण है ?

----

## डेढ़ूआ पंप नहर योजना का कार्यान्वयन

***35 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के संदेश प्रखंड में डेढ़ूआ पंप नहर योजना का कार्यान्वयन प्रस्तावित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त डेढ़ूआ पंप नहर योजना से भोजपुर जिला के अगिआंव एवं संदेश प्रखंड के हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित की जा सकेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डेढ़ूआ पंप नहर योजना का कार्यान्वयन शीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बिहार पुलिस बल परीक्षा की जांच

***32 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विज्ञापन सं.- 0/2017 (बिहार पुलिस बल) में लिखित परीक्षा दिनांक:- 15.10.2017 से 22.10.2017 तक सम्पादित हुई थी। उसमें लिखित परीक्षा का रिजल्ट दिनांक:- 03.02.2018, शारीरिक टेस्ट दिनांक:- 19.02.2018 एवं फाइनल मेरिट लिस्ट दिनांक:- 11.06.2018 को प्रकाशित हुई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विज्ञापन में 9900 बिहार पुलिस बल में बहाली निकाली गयी और रिजल्ट 9839 की प्रकाशित की गयी;

(ग) क्या यह सही है कि 9839 अभ्यर्थियों में सिर्फ 235 अभ्यर्थियों की Hand Writing जांच के लिए भेजी गयी तो उसमें 229 अभ्यर्थी फर्जी निकले। जिस पर FIR Case No.- 500/2018 गर्दनीबाग थाना, पटना में दर्ज किया गया है जिस पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) क्या यह सही है कि 9839 अभ्यर्थियों में अधिकांश अभ्यर्थी की Hand Writing जांच, मेरिट लिस्ट जांच, फिंगर प्रिंट जांच, ऊंचाई एवं कैटेगरी जांच अबतक नहीं की गई अगर शारीरिक दक्षता भिन्न-भिन्न है तो Open Merit कैसे बन सकता है, यह

मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर फर्जी अभ्यर्थी को हटाते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बड़ुआ डैम/नदी तक गंगा जल पहुंचना

*33 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिले के सुल्तानगंज गंगा घाट से पड़ोसी राज्य स्थित बाबा नगरी देवघर के लिए प्रत्येक वर्ष लाखों श्रद्धालू गंगाजल लेकर पैदल ही जलाभिषेक करने जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि आज सूबे की सरकार द्वारा गया एवं राजगीर जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर भी पवित्र गंगाजल पहुंचाने का कठिनतम कार्य किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पवित्र गंगाजल से जाभिषेक हेतु बाबा नगरी जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की वैकल्पिक सुविधा हेतु बांका जिले के जलेबिया मोड़ स्थित बड़ुआ डैम/नदी तक राजगीर एवं गया की भांति सुल्तानगंज से गंगाजल पहुंचाने का कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बाढ़ एवं कटाव से मुक्ति

*34 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण, मोतिहारी जिले के सुगौली प्रखंड के आधा दर्जन गांवों के सैकड़ों परिवार पिछले 15 वर्षों में बेघर हो गये हैं और सैकड़ों परिवारों पर खतरा मंडरा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बूढ़ी गंडक नदी के द्वारा हो रहे कटाव को रोकने के लिए न तो कोई ठोस निरोधात्मक कार्य हो रहा है और न ही पीडि़तों के पुनर्वास की कोई व्यवस्था सही ढंग से हो पा रही है जिससे इस प्रखंड के लोग हर वर्ष बाढ़ में हताशा और निराशा में रात-रात भर जागकर बिताते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि लाल परसा, धुमनी टोला, माली, कैथवलिया, भवानीपुर समेत कई गांव के लोगों की यह स्थिति दशकों से बरकरार है, जिसके स्थाई समाधान की जरूरत है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस प्रखंड के लोगों को बाढ़ और कटाव से मुक्ति दिलाने हेतु स्थाई व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## स्थायी संरचना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं कार्यवाही

*42 **श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर शहर के मगरदही घाट से पूर्व एवं पश्चिम में 1 किलोमीटर की दूरी तक बूढ़ी गंडक नदी के दक्षिणी तट पर बने बांध एवं नदी की धारा के बीच भूभाग पर स्थायी संरचना (पक्का मकान) का निर्माण विधि नहीं सम्मत है;

(ख) क्या यह सही है कि क्या इसका प्रभाव नदी के अविरल प्रवाह पर भी पड़ेगा या इसकी वजह से मानसून के मौसन में नदी के जल स्तर की वृद्धि होने पर क्या यह बाढ़ या किसी अन्य आपदा का कारण भी बन सकता है, इसका आकलन विभाग के द्वारा किया गया है या इससे संबंधित मार्गदर्शिका क्या है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में कई स्थायी संरचना का निर्माण किस परिस्थिति में हो गया है और इसके लिए उत्तरदायी कौन है, निर्माण का विधिसम्मत नहीं होने के बावजूद किस वजह से विद्युत विभाग के साथ ही अन्य विभागों के द्वारा वहां सुविधा या अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जा रही है, विभाग का नदी के प्रति उदासीनता का कारण क्या है और सरकार इस पर क्या कार्यवाही करेगी ?

----

## उबेरास्थान बराज का निर्माण कार्य

*39 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड में उबेरास्थान (मोनह-मंड़ई) बराज का निर्माण कार्य काफी सुस्त है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शीघ्र उक्त बराज का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## रोड एक्सीडेंट का मुआवजा

*31 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में सड़क दुर्घटना में मरे हुए लोगों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से पांच-पांच लाख रुपये सहायता के रूप में दिये जाते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा नहीं मिलने के कारण मृतकों के परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग में मुआवजे को लेकर हजारों फाइलें लंबित हैं जिसका मुख्य कारण है विभाग की जटिल प्रक्रिया;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलायेगी कि ऐसे रोड एक्सीडेंट का मुआवजा उनके परिजनों को आसानी से मिल सके, उसके लिए सरकार का क्या प्रयास कर रही है ?

----

## पेयजल आपूर्ति एवं रोड की मरम्मती

*37 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नगर परिषद् लखीसराय अंतर्गत कुल 11 वार्डों (03 से लेकर 12 एवं 33) में क्रियान्वित मुख्यमंत्री शहरी पेयजल निश्चय योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना के तहत न तो पेयजल की सुविधा प्रदान की गयी और न ही क्षतिग्रस्त रोड की मरम्मती करवायी गयी है जबकि कागज पर कार्य को पूर्ण दिखलाया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर पेयजल की आपूर्ति करवाते हुए क्षतिग्रस्त रोड का मरम्मती करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सरना रजवारा की सफाई

*38 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड-दिनारा के सरना रजवारा एवं मुरारचक रजवारा की सफाई नहीं होने के कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता है जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सरना रजवारा की सफाई यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## गोलकपुर कब्रिस्तान से अतिक्रमण हटाना

*40 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड, पटना सदर, थाना पीरबहोर में गोलकपुर कब्रिस्तान है जिसका वक्फ नं.- 2153 है;

(ख) क्या यह सही है कि गोलकपुर कब्रिस्तान को असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि इस अतिक्रमण के विरुद्ध थाने में शिकायत करने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोलकपुर कब्रिस्तान का अतिक्रमण हटाते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्थायी सुरक्षा हेतु निर्माण कार्य

*41 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार )ः**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के गंडक नदी के टंडसपुर (डुमरिया)

छरकी की सुरक्षा (Protection) हेतु पूर्व से निर्मित ठोकर तेज कटाव के कारण ध्वस्त हो गया है जिसके कारण छरकी (जमींदारी बांध) कभी भी टूट सकता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थल पर नदी की सफाई नहीं होने के कारण नदी की धारा बांध की ओर धूम गयी है जो अत्यंत की खतरनाक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नदी में पायलट चैनल के निर्माण के साथ-साथ टंडसपुर छरकी की स्थायी सुरक्षा हेतु निर्माण कार्य मई 2023 के पूर्व करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवास भत्ता का निर्धारण

***43 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **वित्त विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य की कई नगर पंचायत को उत्क्रमित कर नगर परिषद् में तथा कई नगर परिषद् को उत्क्रमित कर नगर निगम बनाया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शिक्षकों को 08 प्रतिशत नगर परिषद् के शिक्षकों को 06 प्रतिशत एवं गैर वर्गीकृत स्थान के लिए 04 प्रतिशत आवास भत्ता देय है;

(ग) क्या यह सही है कि नगर निगम और नगर परिषद् के अंतिम छोर से 08 किलोमीटर की दूरी के अंतर्गत भी पड़ने वाले शिक्षकों को भी आवास भत्ता क्रमशः 08 प्रतिशत एवं 06 प्रतिशत देय है;

(घ) क्या यह सही है कि औरंगाबाद एवं रोहतास जिले में शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा पुनः वित्त विभाग के पत्र के आलोक में समीक्षा के उपरांत आवास भत्ता देने का निदेश दिया गया है तथा आवास भत्ता काटकर 04 प्रतिशत कर दिया गया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर निगम और नगर परिषद् के अंतिम छोर से 08 किलामीटर की दूरी के अंतर्गत पड़ने वाले विद्यालय के शिक्षकों को पूर्व से समीक्षोपरांत मिल रहे आवास भत्ता क्रमशः 08 प्रतिशत एवं 06 प्रतिशत को पुनः बिना समीक्षोपरांत बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## मुआवजा तथा कार्रवाई

***44 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत मरांची थाना कांड 13/2022, दिनांक:- 07.02.2022, 1. कन्हैया कुमार, 2. बालमुकुन्द तांती, 3. कांती देवी की सड़क दुर्घटना में 07 फरवरी 2022 को मृत्यु हो गई थी तथा पारिवारिक सहायता राशि हेतु सभी कागजात जमा कर दिए गए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि वाहन जनित दुर्घटना में मृतक के आश्रितों/घायल को तत्काल अंतरिम मुआवजा दिया जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि अंतरिम मुआवजा हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ के पत्रांक- 1841ए/आ.प्र., दिनांक:- 29.08.2022 द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना को अभिलेख मूल में जांच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र C -3(III) तथा अनुशंसा पत्र भेजा जा चुका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो वाहन जनित दुर्घटना में मृतक के आश्रितों/घायल को तत्काल अंतरिम मुआवजा राशि कबतक दी जाएगी तथा विलम्ब के लिए दोषी पदाधिकारी पर सरकार क्या कार्रवाई करना चाहेगी ?

----

## प्रमुख शहरों में प्रदूषण पर रोक

***47 श्री देवेश कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के सभी शहरों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि पूरे देश में वायु गुणवत्ता सूचकांक में बिहार के प्रमुख शहर सबसे ज्यादा दूषित रहे;

(ग) क्या यह सही है कि बिहार में सभी औद्योगिक फैक्ट्रियां सरकार के पर्यावरण एवं प्रदूषण संबंधी मानकों का पालन कर रही हैं ताकि वायुमंडल दूषित न हो सके ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वायुमंडल दूषित न हो, इसके लिए क्या उपाय कर रही है ?

----

## 20 कि.मी. सड़क का जीर्णोद्धार

***45 श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिलान्तर्गत गोपालगंज से निकलने वाली मुख्य नहर रामपुर वितरणी का गोरियाकोठी प्रखंड के जामो बाजार से कन्हली मुख्य सड़क तक ईटकरण का काम हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि मात्र एक यही सड़क आम लोगों के लिए सुचारू रूप से चालू थी;

(ग) क्या यह सही है कि इस नहर में सालों से नहर के अंदर कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा है जिसके कारण रोड क्षतिग्रस्त हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में लगभग 20 किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## SECC राशन कार्डधारी

***46 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत गरीब मृतक के लाभुकों को 3000/- (तीन हजार रु.) की राशि दी जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राशि वर्ष 2007 के BPL के पैमाने पर गरीब मृतक के लाभुकों को दी जा रही है, कबीर अंत्येष्टि योजना हेतु गरीब लाभार्थी में गरीबी का क्या पैमाना है;

(ग) क्या यह सही है कि अंत्येष्टि योजना का लाभ पाने के लिए BPL पैमाना है तो क्या इस महंगाई में इस अल्प राशि में कबीर अंत्येष्टि योजना संभव है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्तमान में इसकी प्रासंगिकता या नये सिरे से SECC राशन कार्डधारी परिवारों को आच्छादित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अधवारा नदी बांध निर्माण

*48 **श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत भटौलीया से सोनवर्षा तक अधवारा नदी अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी में दोनों तरफ बांध का निर्माण नहीं होने के कारण भटौलीया से सोनवर्षा तक की आम जनता को आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित नदी के दोनों तरफ बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बारहगैनियां पईन को अतिक्रमण मुक्त करना

*49 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला नवादा के प्रखंड नवादा में शहर के बीच से निकलने वाला बारहगैनियां पईन नवादा नगर से ग्राम- गोनावां, देदैर, ग्राम-गोनी होते हुए ग्राम-खरॉट स्थित पंचानने नदी में मिलता है;

(ख) क्या यह सही है कि बारहगैनियां पईन के पानी से बारहों पंचायतों के किसान कृषि कार्य हेतु पटवन का कार्य करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बारहगैनियां पईन, जो बिहार सरकार की अतिक्रमित जमीन है, अगर अतिक्रमित है तो क्या सरकार उसे अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## थानाध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई

*50 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के ज्ञापांकः- 401, दिनांकः- 22.02.2021 के माध्यम से पकरीबरावां के तत्कालीन थानाध्यक्ष के विरुद्ध तीन पृष्ठों में गंभीर प्रकृति के अनेक आरोप लगाते हुए एक विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित किया है तथा उक्त अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है;

(ख) क्या यह सही है कि डेढ़ वर्ष का लम्बा अंतराल बीत जाने के बावजूद उक्त अधिकारी के विरुद्ध अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रतिवेदन में वर्णित गंभीर आरोपों के आलोक में दोषी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## ईस्ट गार्डिनर रोड की पेट्रोलिंग

***51 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **गृह** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला स्थित वीरचन्द पटेल पथ कोतवाली थाना के ईस्ट गार्डिनर रोड में शाम ढलते ही शराब, गांजा, जुआ और स्मैक का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि यहां सरकारी आवास में रहने वाली महिलायें, बच्चे लोग काफी डरे सहमे रहते हैं, साथ ही कई आवासीय लोगों के साथ मारपीट छीन-झपट व आवासों में चोरी की वारदात लगातार हो रही है;

(ग) क्या यह सही है कि स्थानीय थाना द्वारा पेट्रोलिंग नहीं की जाती है, अवैध रूप से बाहरी गाड़ी खड़ी कर उसमें बैठकर शराब, गांजा पिया जा रहा है और शराब की तस्करी की जा रही है, कोई भी अप्रिय घटना किसी भी समय घट सकती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यथाशीघ्र अपराधियों को पकड़ने व अवैध गाड़ी को लगाने पर प्रतिबंध लगाने व बराबर स्थानीय थाना को पेट्रोलिंग करने का आदेश देना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मनिसाना वेतन बोर्ड

***52 श्री संजय सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **श्रम संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पत्रकारों/श्रमजीवी पत्रकारों के वेतन के लिए बने मनिसाना वेतन बोर्ड (मजदूरी बोर्ड) की सिफारिशें लागू करने के लिए सरकार द्वारा प्रस्ताव आया था;

(ख) क्या यह सही है कि मनिसाना वेतन बोर्ड की सिफारिशें बिहार राज्य में लागू की गयी हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनिसाना वेतन बोर्ड की अद्यतन स्थिति से अवगत कराना चाहेगी, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण

*53 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा)ः**

क्या मंत्री, **समाज कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखंड अंतर्गत भासर मछहां उत्तरी पंचायत के ग्राम- मछहां वार्ड संख्या- 03 में आंगनबाड़ी केंद्र (केंद्र संख्या 316) का भवन नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र का भवन नहीं होने से बच्चों को काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कराने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मुआवजा राशि का भुगतान

*54 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत)ः**

क्या मंत्री, **परिवहन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला में सड़क दुर्घटना में लगभग 100 से अधिक मृतक व्यक्ति के आश्रितों का कई महीनों से मुआवजा की राशि बकाया है, जो अबतक नहीं दी गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जल्द से

जल्द मुआवजा राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## तालाबों का जीर्णोद्धार

***55 श्री हरि सहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजनान्तर्गत राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर जल संचयन/जल संरक्षण के उद्देश्य से राज्य में मत्स्य विभाग के साथ अन्य विभाग के अधीन तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए लघु जल संसाधन विभाग से अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य है;

(ग) क्या यह सही है कि अनुज्ञप्ति हेतु बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. ने दिनांक:- 03.09.2020 को Class- 1 अनुज्ञप्ति हेतु 2,00,000/- (दो लाख) रुपए जमा किए गए एवं आवेदन के आलोक में दिनांक:- 22.10.2021 को अनुज्ञप्ति निर्गत की गयी है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने (बिहार सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1935 की धारा 13(A) जो निम्न है- ‘‘ Promotion of Co-operative movement by Government; It shall be the duty of the state government to encourage and promote the co-operative movement in the state and to take such steps in this direction as may be necessary”) सहकारी सोसाइटी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि. को तलाबों के जीर्णोद्धार में लघु जल संसाधन विभाग प्राथमिकता देने का पत्र निर्गत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नहर की उड़ाही

***56 श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **लघु जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत चित्रसेनपुर महुरा नदी से लेकर गंडक नदी तक मुगल कैनाल नहर में कचरा भरा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत बीस वर्षों से उक्त नहर की उड़ाही नहीं हुई है, जिस कारण नहर में पानी नहीं रुक पाता है एवं स्थानीय किसानों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर की उड़ाही करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सिंचाई सुविधा मुहैया कबतक

*57 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला अंतर्गत खड़गपुर झील डैम एवं बांका जिला अंतर्गत हनुमाना डैम से लगभग 2 लाख एकड़ जमीन की सिंचाई होती है;

(ख) क्या यह सही है कि हनुमाना डैम से मुंगेर जिला के तारापुर विधान क्षेत्र का संग्रामपुर प्रखंड, तारापुर प्रखंड असरगंज प्रखंड बांका जिला का बेलहर और शूंभगेज प्रखंड तथा भागलपुर जिला का सुलतानगंज प्रखंड एवं खड़गपुर झील डैम से हवेली खड़गपुर एवं बरियारपुर प्रखंड का पटवन होता है;

(ग) क्या यह सही है कि अनावृष्टि एवं अल्प वर्षा से इस वर्ष खरीफ की रोपनी नहीं हो पाया और रबी भी नहीं हो पायेगा;

(घ) क्या यह सही है कि बहुत दिन पूर्व सुलतानगंज से लिफ्ट ईरीगेशन की योजना पास हुई थी;

(ड.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वरियारपुर से खड़गपुर झील डैम एवं सुलतानगंज से हनुमाना डैम तक गंगा का पानी लिफ्टकर या संबंधित नहर से समरसेवल मोटर पम्प से पानी उपलब्ध करा कर सिंचाई सुविधा मुहैया का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सामुदायिक भवन का निर्माण

*58 **श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **योजना एवं विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि 2022-23 के लिए मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत प्रखंडों के प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण के लिए अनुशंसा

मा. विधान पार्षद महोदय के द्वारा की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि अनुशंसित योजनाओं के लिए अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होनें के कारण बिहार के सभी जिलों में विकास का कार्य ठप हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न जिलों में अनुशंसित मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के प्रखंड मुख्यालयों में सामुदायिक भवन एवं शौचालयों का निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र कबतक निर्गत करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नहर की उड़ाही

*59 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत धनरूआ प्रखंड स्थित दरधा नदी पर बने वैराज के अनुरूप सही उपयोग नहीं हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि धनरूआ प्रखंड स्थित वैराज से आगे नहर एवं पईन आदि का उड़ाही नहीं होने के कारण उस क्षेत्र के खेतों में पानी पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसानों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो धनरूआ प्रखंड स्थित दरधा नदी वैराज के पर्याप्त मात्रा में पानी वितरण हेतु पईन एवं नहर का उड़ाही एवं निर्माण कराया जाएगा, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बचावरोधी कार्य

*60 **श्री विजय कुमार सिंह (भागलपुर,बॉका स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **जल संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल एवं कहलगांव अनुमंडल के गंगा एवं कोशी के किनारे के दर्जनों-दर्जन गांव भयानक बाढ़ के चपेट में आता है;

(ख) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल के तिनटंगा दियरा मदरौनी एवं अन्य गांव बाढ़ के कारण भयानक कटाव से प्रभावित है;

(ग) क्या यह सही है कि तिनटंगा दियरा गांव में बाढ़ से सुरक्षा हेतु बचावरोधी कार्य के लिए तीन कि.मी. का प्रस्ताव प्राप्त था जिसमें एक कि.मी. ही विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीन कि.मी का बचावरोधी कार्य को कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----